जगदलपुर, सोमवार 11 फरवरी 2019

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

पुरानी आटो का परमिट जारी नहीं किया, आटो संघ 1 मार्च के बाद अनिश्चितकालीन धरना देगा

रायपुर, 10 फरवरी। भट्टाचार्य द्वारा 10 वर्ष आटो का परमिट पर रोक लगा दिया गया है। इस संबंध में संघ के सदस्यों द्वारा पुलक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उपर से आदेश है। इसके बाद परिवहन मंत्री से मिलने पर उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा 15 वर्ष की अवधि को उचित बताते हुए आरटीओ को निर्देश दिये थे। बावजूद इसके उनके द्वारा आटो का परमिट रद्द कर दिया गया है। समयवधि से पहले आटो का परमिट रद्द करने के खिलाफ 1 मार्च के उपरांत आटो चालक संघ अनिश्चितकालीन धरना देगा। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश आटो मिनी डोर, रिक्शा चालक मालिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश तिवारी ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए कहा कि उन्होंने संघ के संरक्षक महापौर प्रमोद दुबे से भी मुलाकात की थी। उन्होंने ने भी संघ की मांग को जायज बताते हुए आरटीओ की कार्यवाही को गलत ठहराया है।

छत्तीसगढ़ देसहा यादव समाज की बैठक 17 को

रायपुर, 10 फरवरी । छत्तीसगढ़ देसहा यादव समाज के आगामी बैठक दिनांक 17 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे देसहा यादव समाज सभा भवन महादेव घाट में रखा गया है। रामजी यादव प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ देसहा यादव समाज ने जानकारी दी है कि बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक चर्चा परिचर्चा के साथ-साथ आगामी महासभा की रूपरेखा की तैयारी एवं सामाजिक आदर्श विवाह बैठक संचालन एवं अतिथि निमंत्रण परिचय सम्मेलन के संबंध में तथा सभा भवन में होने कार्य के विषय में सामाजिक चर्चा, परिचर्चा होगी। देसहा यादव समाज के अध्यक्ष शोभाराम यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

निशा चौरसिया राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हनुमंत बाघ ओड़िशा छत्तीसगढ़ प्रभारी बने

रायपुर, 10 फरवरी। सोनिया गांधी ब्रिगेड आल इंडिया कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा प्रदेश के प्रभारी बनने की जानकारी देते हुए हनुमंत बाघ ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि वक्त है बदलाव का की भावना को क्रियान्वित करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रीमती निशा मंगल चौरसिया को ब्रिगेड की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

कृषि पर केंद्रित राज्य के बजट का छसपा ने किया स्वागत

रायपुर, 10 फरवरी। राज्य निर्माण के लिए प्रमुख आंदोलनकारी क्षेत्रीय दल छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे ने छत्तीसगढ़ राज्य का आम बजट कृषि एवं कृषकों पर केंद्रित होने के नाते स्वागत किया है। छसपा के नेता अनिल दुबे, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, अशोक कष्यप, बृजबिहारी साहू, ईजी. अशोक ताम्रकार, गोवर्धन वर्मा, भुवनलाल पटेल, बंषीधर सिदार, सतमन साय, लक्ष्मीनारायण राठी, श्यामू सेन, मुनूबाई पटेल आदि ने राज्य के मुखिया एवं वित्त मंत्री भूपेष बघेलजी द्वारा किसानों पर केंद्रित बजट पेष करने के लिए स्वागत किया है। इसके अलावा सब्जी एवं फ्ल उत्पादक किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए 5 फूड प्रोसेसिंग इकाई खोलने 50 करोड़ का प्रावधान किये जाने के लिए बधाई प्रेषित की है। साथ ही साथ धान, गेंहू गन्ना सहित दलहन-तिलहन फसलों पर समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा प्रदान करने एवं किसानों का समस्त बैंकों से कृषि ऋण माफकरने की मांग मुख्यमंत्री बघेल से छसपा के नेताओं ने की है। छसपा नेताओं का स्पष्ट मत है कि समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने से किसानों को लाभ मिल पायेगा अन्यथा किसानों को धान, गेंहू में प्रति क्विंटल 300 से लेकर 500 रूपए एवं दलहन में एक हजार से 1500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कम मूल्य में किसानों को बाजार में बेचना पड़ता है।

नवनियुक्त आयुक्त शिव अनंत तायल सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे

रायपुर, 10 फरवरी । नवनियुक्त रायपुर नगर निगम आयुक्त सह स्मार्ट सिटी प्रबंध संचालक शिव अनंत तायल सोमवार 11 फरवरी को प्रातः नगर निगम मुख्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे । इस दिवस दोपहर 12 बजे नगर निगम सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा करेंगे। आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

जनता के प्रेम और स्नेह की शक्ति से सरकार ले रही मजबूती से निर्णय - भूपेश

रायपुर, 10 फरवरी । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि लोगों से मिले प्रेम और स्नेह की शक्ति से ही सरकार प्रदेश हित में बड़े निर्णय ले सकी है और उन पर मजबूती के साथ अमल कर रही है। मुख्यमंत्री दुर्ग जिले के विकासखण्ड मुख्यालय पाटन में आयोजित छत्तीसगढ़िया विप्र समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ वहां लोगों के चेहरे में काफी उत्साह महसूस करता हूँ। सभी कहते हैं कि पहली बार ऐसी सरकार आई है जिसकी प्राथमिकता गरुवा, नरुवा, घुरुवा, बाड़ी है। लोग कहते हैं कि मुख्यमंत्री के संबोधन में यह शब्द सुनकर अच्छा लगता है। हम ऐसे निर्णय ले रहे हैं जिससे छत्तीसगढ़ मजबूती से उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी में अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के मनखे बहुत मयारू हे। लोगों के इस प्रेम और स्नेह से मिली शक्ति की वजह से ही सरकार बड़े निर्णय ले पाई है और इसे क्रियान्वित कर पाई है। उन्होंने इस अवसर पर विप्र समाज के वरिष्ठजनों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गायें हमारी शक्ति थी, अब नहीं रही। इस पशुधन का उपयोग करना है। खेती के लिए जैविक खाद हमें मिलेगी, बायो गैस भी हम प्राप्त कर सकेंगे। मैं लगातार ग्रामीण भाइयों से मिलता हूँ और उनसे पूछता हूँ कि खेती की बेहतरी के लिए क्या क्या कर सकते हैं। गांवों के बेहतर विकास से ही हम छत्तीसगढ़ को समृद्ध कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पंडित सुंदर लाल शर्मा, खूबचंद बघेल एवं पवन दीवान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि हम अपने पूर्वजों के सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रायपुर- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिले के विकासखण्ड मुख्यालय पाटन में आयोजित छत्तीसगढ़िया विप्र समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुये।

स्पेशल डीजी मुकेश गुप्ता, एसपी रजनेश सिंह निलंबित

- नॉन मामले में झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने के साथ ही कई गंभीर आरोप
- ईओडब्ल्यू ने कल ही किया था दोनों अफसरों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज

रायपुर,10 फरवरी । नॉन घोटाले की एसआईटी जांच में झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने, झूठे साक्ष्यों के आधार पर अपराधिक षड्यंत्र कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाने जैसे गंभीर आरोपों से घिरे स्पेशल डीजी मुकेश गुप्ता और नारायणपुर एसपी रजनेश सिंह कल जहां ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज किया तो वहीं आज राज्य सरकार ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए दोनों अफसरों को निलंबित कर दिया है।

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने कल नानें घोटाले की जांच में झूठे साक्ष्य पेश करने सहित कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, षड्यंत्र रचने जैसे गंभीर आरोप के मद्देनजर स्पेशल डीजी मुकेश गुप्ता और वर्तमान में नारायणपुर के एसपी रजनेश सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इधर दोनों अफसरों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार ने भी दोनों के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही करते हुए दोनों अफसरों को निलंबित कर दिया है।

गृह पुलिस विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि-चूंकि राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में दर्ज अपराध के आफिस फाइल, आर शिकायत रजिस्टर में शिकायत क्रमांक 348-2014 की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि हुई है, और मुकेश गुप्ता रजनेश सिंह का उपरोक्त कृत्य अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम 1968 के नियम 3 का उल्लंघन है, इसलिए इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित करना प्रक्रियाधीन है। अतः अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1969 के नियम 3 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा मुकेश गुप्ता, विशेष पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय रायपुर तथा रजनेश सिंह पुलिस अधीक्षक नारायणपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

गौठानों से गौसंवर्धन के साथ ही किसान ले पाएंगे दो फसल - मण्डल

रायपुर, 10 फरवरी । पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल ने कहा है कि गांवों में गौठानों के बनने से गौसंवर्धन और इससे जुड़ी आजीविका के विकास के साथ ही किसानों को मवेशियों द्वारा फसल चरने की समस्या से निजात मिलेगी और वो खरीफके साथ-साथ आसानी से रबी की फसल भी ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी के संरक्षण और संवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिलेगा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों को अपने ही गांव में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। मण्डल ने कहा कि ये कार्य तभी सफल होंगे जब इन कार्यों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। मण्डल आज यहां जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में एनजीजीबी के तहत गौठान तथा घुरुवा का चिन्हांकन एवं निर्माण के संबंध में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव ने कार्यशाला में नरवा, गरूवा, घुरुवा और बाड़ी (एनजीजीबी) के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी जिलों में 15 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में आगामी 28 फरवरी तक गौठान निर्माण के कार्य प्रारंभ हो जाए तथा प्रथम चरण का कार्य आगामी अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाए। मण्डल ने कहा कि गांव में गौधन का बेसलाईन सर्वे कर प्रति 100 गौधन के लिए एक एकड़ भूमि चिन्हांकित कर गौठान का निर्माण किया जाए।

सबकी सहभागिता से होती है समाज में प्रगति - डहरिया

- देवदास स्मृति सभा भवन का किया लोकार्पण

रायपुर, 10 फ रवरी । नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया यहां राजेन्द्र नगर स्थित सांस्कृति भवन में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. डहरिया ने स्वर्गीय देवदास स्मृति सभा भवन का लोकार्पण किया। डॉ. डहरिया ने कहा कि सतनामी समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रगति के लिए निष्ठ और ईमानदरी से काम करना चाहिए। समाज को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। महिलाओं को भी समाजिक विकास के लिए सामने आने की जरूरत है। डॉ. डहरिया ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने सतनामी समाज के विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. भूषण लाल जांगड़े ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में माल खरीदा के पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पी.आर. गहने शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एस.एल. कोशले, अलख चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

मेंटनेंस कार्य : एक्सप्रेस-मेल के अलावा कई लोकल-पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद्द

रायपुर, 10 फरवरी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के साथ ही अन्य लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की लेटलतीफी का दौर आज भी जारी है। इधर पटरियों के रखरखाव व आधुनिकीकरण के चलते रेलवे प्रशासन ने अलग-अलग तिथियों में कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि रदद होने वाली गाड़ियों में आज दिनांक 9 फरवरी से 28 फरवरी तक झारसुगुडा से चलने वाली 58117 झारसुगुडा-गोंदिया पैसेंजर, दिनांक 10 फ रवरी से 01 मार्च तक गोंदिया से चलने वाली 58118 गोंदिया-झारसुगुडा पैसेंजर रदद रहेगी। दिनांक 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 फरवरी को टाटानगर से चलने वाली 22886 टाटानगर-कुर्ला अंत्योदय एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक 12, 16, 19, 23, 26 फरवरी एवं 02 मार्च को कुर्ला से चलने वाली 22885 कुर्ला-टाटानगर अंत्योदय एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक 11, 18 एवं 25 फरवरी को नादेड से चलने वाली 12767 नादेड-सांतरागाछी एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक 13, 20 एवं 27 फरवरी को सांतरागाछी से चलने वाली 12768 सांतरागाछी-नादेड एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक 15 एवं 22 फ रवरी को हावडा से चलने वाली 12870 हावडा-मुम्बई एक्सप्रेस रदद रहेगी। दिनांक 17 एवं 24 फरवरी को मुम्बई से चलने वाली 12869 मुम्बई-हावडा एक्सप्रेस रदद रहेगी।

इसके अलावा दुर्ग-जगदलपुर ट्रेन 21 दिन रहेगी फरवरी माह में यह ट्रेन 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, मार्च में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 और 28 को रद्द रहेगी। जगदलपुर-दुर्ग एक्सप्रेस 21 दिन रहेगी रदद रहेगी। इसमें 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, फरवरी तथा मार्च माह में 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 30 को रद्द रहेगी। इसी तरह टाटा-एलटीटी एक्सप्रेस इस माह में 10, 14, 17, 21, 24, 28, मार्च में 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, और 28 मार्च को रद्द रहेगी।

एलटीटी टाटा एक्सप्रेस 14 दिन रहेगी इसमें 12, 16, 19, 23, 26 फरवरी तथा मार्च में 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 और 30 को रद्द रहेगी। इधर लंबी दूरी की हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस 15, 22 फरवरी और मार्च में 1, 8, 15, 22, 29 को नहीं चलेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन इस माह की 17, 24 फरवरी और मार्च में 10, 17, 24, 31 को रद्द रहेगी।

सदन के भीतर जनहित के लिए जितनी आवाज़ उठाएंगे आप उतने सफल जनप्रतिनिधि के रूप में पहचाने जाएंगे-बृजमोहन

रायपुर, 10 फरवरी । प्रदेश के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहां की जनता द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सदन के भीतर उनके हित में आप जितना प्रयोग करेंगे उतने सफल जनप्रतिनिधि के रूप में आप पहचाने जाएंगे। जहा लोकतंत्र मे जनता के अधिकारों एवं स्वतंत्रता की इजाजत सरकार का कर्तव्य होता है, वहीं चुने हुए सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व सरकार के कामकाज पर पैनी नजर रखना होता है। सरकार को बोध कराना कि सरकार के हाथ में शासन करने की शक्ति जनता की अमानत के रूप में है। यह बोध हम सरकार को तभी करा पाते हैं जब विधानसभा सत्र का आगाज हो हम विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते है। उन्होंने यह बात छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में आज के अंतिम सत्र में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। यह उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन प्रस्ताव एवं लोक महत्व के विषय पर विधायकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधानसभा सचिव चंद्रशेखर गंगराड़े उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से बृजमोहन ने नवनिर्वाचित विधायकों से कहा कि सदन में जितनी आपकी उपस्थिति होगी उतना ही ज्ञान बढ़ेगा और सीखने को मिलेगा। उन्होंने प्रश्नकाल शून्यकाल,याचिका, स्थगन प्रस्ताव आदि विषयों की व्यवहारिक जानकारी विधायकों को दी।

बृजमोहन ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को एक अचूक ब्रह्मास्त्र बताते हुए कहा कि कोई भी सदस्य अध्यक्ष के पूर्व अनुज्ञा से अविलंब नहीं है लोक महत्व के विषय पर मंत्री का ध्यान आकर्षित करा सकता है।

याचिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोई जरूरी नहीं है कि आप क्षेत्र के विकास के लिए मंत्री और अफसरों के चक्कर काटे। विधानसभा का कोई भी सदस्य याचिका के माध्यम से सदन में अपनी मांग रख सकता है।संबंधित विभाग के विकास कार्यों से संबंधित याचिका को बजट में महत्व दिया जाता है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वे अपने 28 साल के संसदीय कार्य अनुभव के आधार पर यह कह सकते है कि सदन में अनिवार्य उपस्थिति और सक्रियता से ही क्षेत्र के बड़े-बड़े काम कराए जा सकते है।

सभी विधायकों का प्रयास होना चाहिए कि सत्र के दौरान अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और चर्चाओं में भाग ले।

कानून अपना काम कर रहा तो भाजपाई भय आतंक का हल्ला मचा रहे-कांग्रेस

रायपुर, 10 फरवरी । कांग्रेस सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही जांच और कार्यवाही को भाजपा द्वारा भय फैलाने की कार्यवाही बताये जाने का कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा बतायें कांग्रेस सरकार की कौन सी कार्यवाही से भय पैदा हो रहा है? और कौन लोग भयाक्रांत है? छत्तीसगढ़ का आम आदमी तो नई सरकार के निर्णयों से बहुत खुश है। भाजपा राज में फैली प्रशासनिक अराजकता के समाप्त होने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिये सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की मजबूरी समाप्त हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि आपराधिक राजनैतिक षड्यंत्रों का युग छत्तीसगढ़ में समाप्त हुआ। भय तो भाजपा ने अपने सरकार के राज में फैला रखा था, विपक्षी दलों के नेताओं की चरित्र हत्या करने के लिये जनसंपर्क विभाग में षड्यंत्र रचा जाता था। पुलिस का आला अधिकारी द्वारा सरकार के संरक्षण में गैर कानूनी ढंग से फोन टेपिंग करवाई जाती थी। बेकसूर लोगों को फंसाने के लिये झूठे साक्ष्य गढ़े जाते थे, राजनैतिक और प्रशासनिक रूप से ब्लेकमेलिंग का पूरा कारोबार भाजपा के राज में चल रहा था, कानून को भाजपाई सत्ताधीशों और चंद भ्रष्ट और चाटुकार अधिकारियों ने अपना खिलौना समझ रखा था। जो आवाज तत्कालीन सरकार के खिलाफ उठती थी उसे परेशान करने और कानूनी पचड़े में फंसाने का पूरा सामान भाजपा सरकार में बैठे हुये कुछ ताकतवर अधिकारियों ने तैयार कर रखा था। अब समय बदल गया छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के राज में कानून अपना काम निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से कर रहा है तो भाजपाईयों और षड्यंत्रकारियों में भय सता रहा है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि 36000 करोड़ के नान घोटाले और अंतागढ़ मामले जीरम नरसंहार की जांच के लिये एसआईटी गठित होने से राज्य के लोगों में एक उम्मीद जगी है। लोग चाहते है इन षड्यंत्रों का खुलासा हो दोषियों को सजा मिले। षड्यंत्रकारी जांच से जरूर भयभीत है। रमन राज में भय आतंक का पर्याय बन चुके अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही यदि भाजपा को भय फैलाने वाली कार्यवाही लग रही है।

दहेज में 20 लाख कैश एवं कार की मांग को लेकर पति एवं ससुराल वाले दे रहे प्रताड़ना- नेहा

रायपुर, 10 फरवरी । दहेज एवं उत्पीड़न की मांग को लेकर केन्द्र सरकार दवारा कड़े नियम बनाये गये है। बावजूद इसके समाज में दहेज का दानव बार-बार मासूम महिलाओं का जीवन लील रहा है। इसी कड़ी में आज भाटापारा की निवासिनी श्रीमती नेहा मंधानी ने प्रेस क्लब पहुंचकर अपनी व्यथा व्यक्त की। पत्रकारवार्ता में नेहा ने बताया कि उनकी शादी सुमित थावनी से 17 जनवरी 2016 को सर्वस्मति से हुई थी। ससुराल प्रवेश के साथ ही पति, सास, ससुर एवं ननद उन्हें कम दहेज लाने को लेकर मानसिक प्रताड़ना देते रहे। पति एवं ससुर की स्पष्ट मांग की थी वे अपने मायके से पिता से 20 लाख रुपये कैश एवं कार लाकर दे। उक्त मांग पूरी नहीं होने पर पति दवारा उन्हें बुरी तरह मारा पीटा गया। छत से धक्का देकर गरम तेल उनपर उड़ेलकर उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। नेहा ने बताया कि इस संबंध में 5 दिसंबर 2018 को उन्होंने भाटापारा थाने में अपने पति के खिलाफ आईपीसी की धारा 498 ए , 34 एवं 377 में एफआईआर भी दर्ज करवाई थी। उसके बाद उक्त आरोपियों ने सत्र न्यायालय से अग्रिम जमानत ले ली। उनके पति की अग्रिम जमानत खारिज हो गई थी। तब से अब तक वे फरार है। उनकी मांग है कि भाटापारा पुलिस इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही उनके पति दवारा उन्हें शारीरिक यातना भी दी गई। गर्भकाल के दौरान 13 नवंबर 2016 को उनका सोना, गहना भी पति दवारा लूट लिया गया। बच्ची भी छीनकर उससे ले गये है। पति अश्लील फिल्म दिखाकर उनके साथ अप्राकृतिक तरीके से संबंध बनाता था। उन्होंने पुलिस अधीक्षक भाटापारा बलौदाबाजार से मामले का निराकरण तत्काल करवाने की मांग की है।